Hindi

Australian Government

NATIONAL BOWELCANCER SCREENING PROGRAM

कोलोनोस्कोपी जानकारी प्रपत्र

www.cancerscreening.gov.au

Interpreter

अपनी भाषा में जानकारी के लिए, अनुवाद और दुभाषिया सेवा को फोन करें: 13 14 50 या वेबसाइट www.cancerscreening.gov.au/translation पर जाएँ।

कोलोनोस्कोपी कितनी सटीक होती है?

कोलोनोस्कोपी बहुत सटीक होती है, और यह इस बात का पता लगाने का सबसे अच्छा तरीका है कि आपके परीक्षण का परिणाम सकारात्मक क्यों निकला। परंतु इस बात की थोड़ी सी संभावना रहती है कि आपकी प्रक्रिया के दौरान कुछ छूट जाए। यदि कोई कैंसर या पॉलिप्स न पाए जाएँ, तो भी आपको परीक्षण (स्क्रीनिंग) करते रहना चाहिए और इसका सबसे अच्छा तरीका नेशनल बाउल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम (राष्ट्रीय आंत का कैंसर कार्यक्रम) के निःशुल्क परीक्षण किटों का प्रयोग करना है।

क्या इसके कोई खतरे या पक्ष-प्रभाव होते हैं?

कुछ पक्ष-प्रभाव हो सकते हैं, लेकिन ये सामान्यतः नहीं होते हैं। आंत को तैयार करने के कारण आपको सिरदर्द या उल्टी हो सकती है, या कोलोनोस्कोपी के बाद रक्तस्राव हो सकता है। निश्चेतक के कारण कोई प्रतिक्रिया भी हो सकती है, लेकिन ऐसा बहुत ही कम होता है। बहुत ही दुर्लभ स्थितियों में कुछ लोगों को वापिस अस्पताल जाने की आवश्यकता हो सकती है।

आपको अपनी कोलोनोस्कोपी से पहले इन खतरों के बारे में अपने डॉक्टर से बात करनी चाहिए।

मेरे पास क्या विकल्प हैं?

आप किसी सरकारी या गैर-सरकारी अस्पताल अथवा क्लिनिक में अपनी कोलोनोस्कोपी करवाने का चयन कर सकते/सकती हैं। यदि यह एक सार्वजनिक सुविधा है, तो यह निःशुल्क होगी। यदि यह एक निजी सुविधा है, तो आपको अपने निजी स्वास्थ्य बीमा के आधार पर भुगतान करना पड़ सकता है। आपको आंत की तैयारी के लिए भी भुगतान करने की आवश्यकता हो सकती है।

यदि मेरे पास कोई प्रश्न हों, तो मैं किससे संपर्क कर सकता/सकती हूँ?

कृपया ध्यान दें कि यह प्रपत्र मार्गदर्शन के रूप में उपलब्ध कराया गया है और आपके डॉक्टर को आपके लिए और अधिक जानकारी प्रदान करनी चाहिए।

यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो अपनी कोलोनोस्कोपी से पहले अपने डॉक्टर के साथ बात करें।

कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी वेबसाइट **www.cancerscreening.gov.au/bowel** से प्राप्त की जा सकती है।

हाल ही में आपकी आंत परीक्षण जाँच की गई थी, जिसमें आपके मल में रक्त पाया गया। रक्त पाए जाने के कई कारण हो सकते हैं और अधिकाँश कारण कैंसर से संबंधित नहीं होते हैं (5% से भी कम), लेकिन यह पता लगाना महत्वपूर्ण है कि इसका क्या कारण है। कृपया अपने परिणामों के बारे में अपने डॉक्टर के साथ चर्चा करने के लिए समय नियुक्त करें। आपका डॉक्टर एक अन्य परीक्षण किए जाने की सफारिश कर सकता है, जो सामान्यतः कोलोनोस्कोपी होती है।

कोलोनोस्कोपी क्या होती है?

– कोलोनोस्कोपी में एक कोलोनोस्कोप (स्कोप) - एक पतली नलिका जिसके अंत में एक 'वीडियो कैमरा' होता है - को आपके मलद्वार/गुदा के माध्यम से आपकी आंत में डाला जाता है।
– यह रक्तस्राव के कारण की जाँच करने और पॉलिप्स को काटकर निकालने का सबसे अच्छा तरीका है।
– पॉलिप आंत की अंदरूनी परत से जुड़ी एक छोटी सी सँवृद्धि होता है। वयस्कों में पॉलिप्स आमतौर से पाए जाते हैं और ये सामान्यतः हानिकारक नहीं होते हैं, लेकिन कुछ पॉलिप्स कैंसर में विकसित हो सकते हैं।
– पॉलिप्स को काटकर निकालने से कैंसर को रोकने में सहायता मिल सकती है। यदि प्रक्रिया के दौरान डॉक्टर को पॉलिप्स का पता चलता है, तो वह सामान्यतः उन्हें काटकर निकाल देगा।
– डॉक्टर आंत के छोटे से नमूने भी ले सकता है, ताकि वह रोग के संकेतों के लिए सूक्ष्मदर्शी से इनकी समीक्षा कर सके।
– यदि पॉलिप या नमूने को काटकर निकाला जाता है, तो आपको कुछ भी महसूस नहीं होगा।

मैं कोलोनोस्कोपी के लिए तैयारी कैसे कर सकता/सकती हूँ?

यदि आपको कोई स्वास्थ्य समस्याएँ हैं या आप नियमित दवाई का सेवन करते/करती हैं, तो अपनी आंत की तैयारी शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर के साथ बात करें। वह आपकी कोलोनोस्कोपी से पहले आपको थोड़े दिनों के लिए कुछ दवाइयाँ लेना बंद करने के लिए कह सकता हैं।

अपनी आंत की तैयारी करने की प्रक्रिया में निम्नलिखित शामिल है:

1. आहार - आपका डॉक्टर आपको यह बताएगा कि आप अपनी कोलोनोस्कोपी से पहले के कुछ दिनों में क्या खा सकते/सकती हैं और क्या नहीं।
2. दवाई - आपको एक आंत तैयारी किट और इसका उपयोग करने के लिए निर्देश दिए जाएँगे। आपको दवाई भी दी जाएगी जिसका सेवन करने पर आपको अपनी आंत खाली करने के लिए शौचालय जाना पड़ेगा।
3. तरल पदार्थ - आपका डॉक्टर आपको हाइड्रेटेड बने रहने के लिए निर्देश देगा।

कोलोनोस्कोपी कैसे की जाती है?

सबसे पहले आपको उनींदा और आरामदेह महसूस करने के लिए एक हल्का निश्चेतक दिया जाएगा। हो सकता है कि आपको नींद भी आ जाए। जब आप लेटे हुए/लेटी हुई हों, तो डॉक्टर धीरे-धीरे आपकी गुदा के माध्यम से आपकी आंत में एक लचीला स्कोप डालेगा। स्कोप के अंत में एक छोटा कैमरा लगा होता है, जिससे आपका डॉक्टर आपकी आंत की अंदरूनी परत को देख पाएगा।

प्रक्रिया में लगभग 20 से 45 मिनट लगेंगे।

कोलोनोस्कोपी के बाद क्या होता है?

प्रक्रिया के बाद आपको खाने-पीने के लिए कुछ दिया जाएगा। तंद्रा से उठने के बाद आपको अपना पेट कुछ फूला हुआ महसूस हो सकता है, लेकिन यह आभास लगभग एक घंटे मात्र तक रहेगा। बहुत ही कम प्रकरणों में कुछ रक्तस्राव भी हो सकता है, लेकिन यह सामान्य बात है।

सामान्य रूप से आप प्रक्रिया के दिन ही अपने घर जा सकते/सकती हैं।

निश्चेतक दिए जाने के कारण आपको अपनी कोलोनोस्कोपी के बाद 24 घंटों तक निम्नलिखित में से कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए:

– कार चलाना;
– अकेले आना-जाना;
– मशीनरी का उपयोग करना;
– कानूनी कागज़ातों पर हस्ताक्षर करना; या
– शराब का सेवन करना।

किसी मित्र या परिजन को आपको घर ले जाना चाहिए और आपकी कॉलोनोस्कोपी के बाद उसे आपके साथ रहना चाहिए। अगले दिन तक आप बेहतर महसूस करेंगे/करेंगी।